



एक नजर में

## तिरुपति बालाजी के लिए श्रद्धालु रवाना



**निवाली।** नगर के चार लोग बुधवार शाम तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए रवाना हुए हैं। नगर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दोस्त तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर नगर वासियों ने हर्ष जताया। नगर से पंकज पीपलोद, अभिजीत सोलंकी, सियाराम सेनानी, पंकज भोसले चार लोगों को तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए बस स्टैंड रवाना करने पहुंचे लोगों ने तिरुपति दर्शन करने जा रहे लोगों को पुष्प माला पहनाकर आतिशबाजी भी की।

## शुद्ध लिखें और बोले हिंदी, कॉलेज में हुआ कार्यक्रम



**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में भाषा की भूमिका तथा कॅरियर निर्माण में भाषाई दक्षता की आवश्यकता पर जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार और बौद्धिक स्तर का परिचय भी होती है। 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। डॉ मधुसूदन चौबे ने कहा कि मातृभाषा हिंदी पर गर्व करें और उसे शुद्ध रूप में लिखने तथा बोलने का अभ्यास करें। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और रोजगार के बढ़ते अवसरों को देखते हुए अंग्रेजी भाषा के अध्ययन को भी गंभीरता से ले। साथ ही हिंदी व्याकरण के कुछ महत्वपूर्ण पक्षों पर भी प्रकाश डाला। यदि भाषा अशुद्ध होगी तो उसका प्रभाव सीधे व्यक्तित्व पर पड़ता है। इसलिए सोशल मीडिया पर भी यथासंभव शुद्ध और जिम्मेदार भाषा का प्रयोग करने की आदत विकसित करनी चाहिए। दिव्या जमरेए भोला बामनियाए संजु डूडवेए कन्हैयालाल फूलमालीए जोया खानए हंसा धनगर एवं आरती धनगर ने सहयोग किया।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ आज

**बड़वानी।** मप्र शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले में 7 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ होने जा रहा है। कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशन में अभियान अंतर्गत प्रथम दिन बोरलाय एवं बालकुआ क्लस्टर की 20 ग्राम पंचायतों में प्रथम जन विश्वास शिविर आयोजित होंगे।

# ओंकारेश्वर का अभिषेक करेंगे कांवड़िये



**बड़वानी, (नवभारत)।** श्रीराम धर्मजागरण समिति जुलवानिया के तत्वावधान और भाजपा जिलाध्यक्ष और यात्रा संयोजक अजय यादव के नेतृत्व में श्रद्धा कावड़ यात्रा बुधवार को भक्ति भाव के साथ ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुई। यह यात्रा 10 अगस्त को ओंकारेश्वर पहुंचकर बाबा ओंकारेश्वर और ममलेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेगी।

यात्रा से पहले अजय यादव ने जुलवानिया के श्री खाटूश्याम मंदिर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 151 पौधे लगाए। स्थानीय दशहरा मैदान से सुबह 10 बजे श्रद्धा कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के बस स्टैंड होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची, जहां एक धर्मसभा का आयोजन किया गया।

धर्मसभा को सम्बोधित अजय यादव ने कहा कि जिस तरह हमारे पूर्वज हमें परंपराएं देकर गए हैं, उसी तरह हमें भी उन्हें आगे ले जाना है। इसी कड़ी में सभी स्थानों से जल लेकर बाबा ओंकारेश्वर और ममलेश्वर महादेव पर जल चढ़ाया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया।

समाजसेवी दीपक शर्मा ने बताया कि श्रद्धा कावड़ यात्रा पिछले 18 वर्षों से निकाली जा रही है। यह यात्रा 25 से अधिक ग्रामों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का संदेश, सनातन धर्म की रक्षा और पंच परिवर्तन के उद्देश्य से यह कावड़ यात्रा निकाली जाती है। महादेव मंदिर में अजय यादव ने सपत्नीक पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का लघु रुद्राभिषेक किया और महाआरती व पुजन के बाद उन्होंने सपत्नीक कावड़ का पुजन कर उसे अपने कंधों पर धारण किया और कावड़ यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया।

### इस अवसर पर ये रहे उपस्थित

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, विस नेता अंतरसिंह पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, विकास आर्य, भाजपा जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह और सचिन चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# लंबित शिकायतें हल करने के लिए आज लगेगा शिविर

**पानसेमल, (नवभारत)।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर निरंतर कार्रवाई जारी है। वहीं दूसरी ओर सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतें लंबित होने पर त्वरित निराकरण करने के लिए प्रत्येक थाना व चौकी स्तर पर 7 अगस्त को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।

शिविर में प्रत्येक थाना प्रभारी या चौकी प्रभारी उपस्थित रहकर लंबित शिकायतों और जनसुनवाई की लंबित शिकायतों के आवेदक पक्ष व अनावेदक पक्ष को बुलाकर सुने और शिकायतों का निराकरण करेंगे।

### निराकरण करने के लिए दिए निर्देश

एसपी शुक्ल ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों को थानों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर शिकायतों का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए हैं।





# पुलिस विभाग पेंशनर संघ की बैठक

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में पुलिस विभाग पेंशनर संघ की मासिक बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आरके शर्मा ने की। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह दासोंदी सहित जिले भर के अनेक वरिष्ठ पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।

### जताया गहरा विरोध

इस दौरान नए सदस्यों को संघ की सदस्यता ग्रहण कराई गई। बैठक के बाद समस्त पेंशनर अधिकारी एवं कर्मचारी कलेक्टरेट कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने जंतर-मंतर (नई दिल्ली) पर हाल ही में सीजेपी छात्र-छात्राओं के धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने के प्रयास पर गहरा विरोध जताया।





### कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

इस संबंध में संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर जयति सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस विभाग के सम्मान एवं साख की सुरक्षा के लिए उचित कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर अमृतलाल, शोभाराम यादव, गंगाराम यादव, रूपसिंह मोटे, श्रवण कुमार, रमेश चंद्र, दत्तात्रेय चतुर्वेदी, सत्येंद्र लाल, तुलसीराम चौहान, याकूब मसीह, यशपाल यादव, नारायण कर्म, नगर सिंह, किशोर पाटीदार और गजराज सिंह ठाकुर आदि प्रमुख सदस्य शामिल थे।

# विजय कुमार जैन नए जिलाध्यक्ष मनोनित

**नवभारत न्यूज**

**बड़वानी।** जिला पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 अगस्त को सुख विलास कॉलोनी स्थित पेंशनर भवन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन भोपाल से संबंध समाप्त कर संगठन का विलय शासकीय सेवानिवृत्त पेंशनर एसोसिएशन भोपाल में कर दिया गया।

इस अवसर पर आयोजित जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा एवं अध्यक्ष प्रांतीय उपाध्यक्ष ई राधेश्याम पाटीदार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदौर संभागीय अध्यक्ष पंडित रामचंद्र दुबे, महिला प्रकोष्ठ संयोजक कमला द्विवेदी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष दुबे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का संचालन मोहन पाटीदार ने किया। सम्मेलन में बड़वानी सहित सभी तहसीलों के पेंशनर्स ने एकजुट होकर नए संगठन में अपनी आस्था जताई। सर्वसम्मति से विजयकुमार जैन को शासकीय सेवानिवृत्त पेंशनर एसोसिएशन का नया जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया, जबकि ग्यारसी राम सूर्यवंशी को प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित कर सम्मानित किया।

### सदस्यता अभियान पर दिया जोर

अतिथियों ने संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजयकुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में सैकड़ों पेंशनर साथियों की मौजूदगी में सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# होटलों, ढाबों और गांव-गांव तक फैला अवैध शराब माफिया नेटवर्क

- आबकारी विभाग की कथित मिलीभगत से बेखौफ
- कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल





**पेटलावद। क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण अंचलों से लेकर कस्बों और शहर तक खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर वर्षों से यह कारोबार निर्बाध रूप से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की कार्रवाई अपेक्षित स्तर पर नजर नहीं आ रही हैं। इसी कारण अब आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।**

लोगों का कहना है कि यदि समय पर सख्ती से कार्रवाई होती तो अवैध शराब का यह नेटवर्क इतना मजबूत नहीं बन पाता। कई जगह होटल, ढाबों और गुमटियों पर देर रात तक अवैध शराब बिकने की चर्चाएं आम हैं। इसके बावजूद बड़े स्तर पर कार्रवाई का अभाव लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि छोटी-मोटी जब्ती और औपचारिक कार्रवाई कर विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी होने का दावा करता है, जबकि वास्तविक कारोबारी आज भी बेखौफ होकर अपना धंधा चला रहे हैं। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन कारोबारियों को संरक्षण कौन दे रहा है? यदि विभाग को जानकारी नहीं है तो यह गंभीर लापरवाही है और यदि जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही तो इसकी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है।

### सरकार को भी करोड़ों के राजस्व का नुकसान

जानकारों का कहना है कि अवैध शराब का कारोबार केवल सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि जहरीली शराब जैसी घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। इसके बावजूद यदि प्रभावी कार्रवाई नहीं होती तो आम जनता की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी हालात में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर कार्रवाई की सूचना पहले ही लीक हो जाती है, जिससे कारोबारी सतर्क होकर बच निकलते हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। अब क्षेत्र की जनता मांग कर रही है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध शराब के इस नेटवर्क पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## औद्योगिक प्लॉट आवंटन के लिए ईओआई आमंत्रित

**आलीराजपुर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सेजावाडा, तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर स्थित प्लांट क्रमांक-6 व 33 के आवंटन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उद्यमी 15 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदन के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही आवेदित भूमि के प्रचलित प्रीमियम का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान ऑनलाइन जमा करना होगा। भूखण्डों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम-2025 के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट mpmsme.gov.in पर उपलब्ध है।

# उत्कृष्ट छात्रावासों में पढ़ाने का अवसर

## अनुभवी शिक्षकों से 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने जिले के उत्कृष्ट छात्रावासों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोचिंग देने के लिए अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं से आवेदन मांगे हैं. इच्छुक अभ्यर्थी 15 अगस्त तक संबंधित छात्रावास अधीक्षक के पास आवेदन जमा कर सकेंगे. विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

विभाग के अनुसार जिले में संचालित सात उत्कृष्ट छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का चयन किया जाएगा. चयनित शिक्षकों को हर माह न्यूनतम 20 कालखंड पढ़ाना अनिवार्य होगा. इसके बदले 300 रुपये प्रति कालखंड की दर से मानदेय दिया जाएगा. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है. बीएड और एमएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी. उम्मीदवार केवल एक ही छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे. जिले में जिन छात्रावासों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें उत्कृष्ट अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मोतीतबेला (इंदौर), कन्या छात्रावास देपालपुर, कन्या छात्रावास सांवेर, बालक छात्रावास संयोगितागंज (इंदौर), बालक छात्रावास देपालपुर, बालक छात्रावास महूगांव और बालक छात्रावास सांवेर शामिल हैं.

# भाजपा जिला बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और संत रविदास जयंती पर विशेष जोर

**आलीराजपुर।** भाजपा जिला आलीराजपुर की महत्वपूर्ण जिला बैठक गुरुवार को जिला मुख्यालय में हुई। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में इंदौर संभाग प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए वही जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं पितृ पुरुषों के पूजन के साथ शुरू हुए। जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल का स्वागत उद्बोधन हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।



### तिरंगा अभियान की महत्ता पर डाला प्रकाश

सभी वक्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तिरंगे के प्रति देशवासियों के सम्मान और गौरव की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया। आज तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों का प्रतीक और प्रत्येक भारतीय की पहचान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जिले के प्रत्येक गांव, वार्ड और घर तक तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

एक नजर में ▶ छात्राओं को बनाया कानून और सायबर सुरक्षा का मजूबत प्रहरी

# एक माह में 31 स्थायी वारंट तामील, इनामी आरोपी समेत बदमाश गिरफ्तार

**आलीराजपुर। जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और युवाओं में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने की मुहिम एक साथ तेज हो गई है। एक ओर अलीराजपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले एक माह में 31 स्थायी वारंट तामील किए, ईनामी और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराधियों पर शिकंजा कसा, वहीं दूसरी ओर जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के तहत छात्राओं को संविधान, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था की जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।**

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध लगातार विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान एक माह में 31 स्थायी वारंट तामील किए गए, जिनमें अलीराजपुर अनुभाग के 7 और जोबट अनुभाग के 24 वारंट शामिल हैं। वर्षों से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी से लंबित न्यायिक प्रकरणों के निराकरण में भी महत्वपूर्ण सफलता मिली है। विशेष अभियान के दौरान जोबट क्षेत्र में डकैती की तैयारी कर रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 5 हजार का ईनामी आरोपी राहुल भी शामिल है, जो पूर्व से हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में फरार चल रहा था। इसके अलावा वर्षों से फरार दो स्थायी वारंटियों और एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



**बच्चों और महिलाओं के अपराधों के बारे में बताया-** इधर, पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम में पीएम श्री कन्या शाला की छात्राओं को संविधान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाली संस्था नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने वाली मित्र है।

उन्होंने छात्राओं से साइबर अपराध, महिला अपराध और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल ने छात्राओं को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के बाद छात्राओं को पुलिस थाना और जिला कंट्रोल रूम का भ्रमण कराकर शिकायत पंजीयन, डायल-112 सेवा, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली और आधुनिक पुलिसिंग से अवगत कराया गया।